जय महाकाल 🚩

दीपावली हेतु एक दिवसीय मन्त्र प्रयोग 🚩



दीपावली पर किया जाने वाला टोटका / तन्त्र प्रयोग कल बता चुके है अब मन्त्र प्रयोग बताते है ।

पहले सभी सामान्य कर्म करने जो कि लक्ष्मी पूजन में होते है , घट स्थापना , लक्ष्मी स्थापना , भोग आदि जैसे सभी घरों में दीपावली पर होता है ।

उसी पाठ के सामने यह प्रयोग करना है ।

आसन - लाल रेशमी (रेशमी न हो तो उन का) ।

स्फटिक अथवा रुद्राक्ष की संस्कारित माला ।

स्वयं के मुख की दिशा पूर्व रहेगी

एक दीपक घी का और एक तिल्ली के तेल का

खीर बनानी है दूध चावल और गुड़ की

साधना से पहले के सभी कर्म पूरे करें ।

गणेश पूजन , गुरु पूजन , इष्ट पूजन आदि ।

एक माला गणेश की करें

एक गुरु मन्त्र की

इसके पश्चात 31 माला निम्न मन्त्र की करें ।

ॐ ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः

माला उपरांत इसी मन्त्र से 3 माला का हवन करना है । खीर और कमलगट्टे के साथ , समिधा आम की लकड़ी होगी ।

यह कर्म करके आसन पूजन करके उठ जाए ।

हवन कुंड वैसेही रहने दे उसे हिलाए नही अगले सुबह तक ।

अगले दिन सूर्योदय के पश्चात स्नान आदि कर्म करके पुनः लक्ष्मी पूजन करें और हवन की शुद्ध भस्म लेकर अपने पूरे घर मे उड़ा दें और एक चांदी के ताबीज में उसे भर के धारण करलें । लाल या हरे रेशमी धागे के साथ ।

यह प्रयोग केवल दीक्षित व्यक्ति ही करें । अपने गुरु की आज्ञा लेकर करें ।

जो व्यक्ति तांत्रीक संप्रदायों में दीक्षित है वो निशि काल के करें उत्तम प्रयोग हेतु ।

जो सामान्य जन है वो लक्ष्मी पूजन के साथ ही यह प्रयोग भी करलें ।

अधिक जानकारी हेतु व्हाट्सएप्प पर बात कर सकते है ।

अमोघ नाथ ✏️

शुभमस्तु 🚩

[Whatsapp Chat]

[Facebook Profile]

[Facebook Page]

[Youtube]

[Whatsapp Group]

[Whatsapp Channel]